प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को दी मंजूरी।
2. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज एनपीएस वात्सल्य योजना का किया शुभारम्भ : प्रदेश के छह जनपदों में बच्चों को पहले दिन जारी किये गये प्रैन कार्ड।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजियाबाद में सात सौ सत्तावन करोड़ रुपये की एक सौ ग्यारह विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।

और

4. प्रदेश के चौबीस जनपद बाढ़ की चपेट में : साढ़े पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित।

———————

सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की नई दिल्ली में जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित समिति ने राजनीतिक दलों और

विशेषज्ञों सहित हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे, जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकाय चुनाव, आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे। श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने रबी सीजन 2024–25 के लिए फास्फेट और पोटाश उर्वरकों पर पोषण आधारित सब्सिडी को भी स्वीकृति दी है। इस पर 24 हजार करोड रुपये से अधिक का व्यय होगा। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार–चढाव पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना को जारी रखने को भी मंजूरी दी है।

प्रदेश के किसानों ने केन्दोय मंत्रिमंडल के फैसलों का स्वागत किया है। सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय तहसील के नदौली गांव के किसान जमील अहमद ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि पीएम आशा योजना से किसानों को काफी फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री का यह बहुत अच्छा कदम है। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री जी किसान के लिये बहुत सोचते है पीएम आशा योजना जो है 25 हजार करोड़ इसमें व्यय कर रहे हैं दूसरी बात इसमें शुद्धिकरण के लिये भी है इसमें जो है किसानों को रेट भी अच्छा मिलेगा, नुकसान होगा तो उसका भी सरकार उसमें देखरेख रखेगी और बाजार क्षेत्र*

*में उतार चढ़ाव जो होगा उसमें देखेगी हम कहते है प्रधानमंत्री जी का बहुत अच्छा कदम है चाहे किसान सम्मान निधि हो, चाहे नलकूप का, बिजली बिल हुआ ये सब किसानों के हित में ही देख रहा हूं मैं।*

**बरेली के किसान आकिब अहमद ने सरकार के उर्वरकों पर पोषण आधारित सब्सिडी का स्वागत करते हुए कहा कि इससे किसानों को काफी सहायता मिलेगी। बाइट....**

*केन्द्र सरकार ने कैबिनेट की बैठक में जो उर्वरक सब्सिडी देने की बात की है सरकार की इन पहल से किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरक मिल जायेंगे। इससे हमें बहुत फायदे होंगे, हम सरकार को धन्यवाद करते हैं।*

---

**केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज एनपीएस–वात्सल्य योजना का शुभारम्भ किया। प्रदेश के छह जनपदों समेत 75 स्थानों पर इस योजना के शुभारम्भ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत अयोध्या, सहारनपुर, लखीमपुर खीरी, देवरिया और संभल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को योजना से जोड़ा गया। इस मौके पर लखनऊ में बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधन अमरेन्द्र कुमार ने पांच बच्चों को प्रैन कार्ड दिये। अयोध्या के जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रैन कार्ड हासिल करने वाले बच्चे के अभिभावक हिमांशु ने कहा कि इस योजना से बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा। बाइट..........**

*ये स्कीम 18 साल के बाद ही शुरू होती है, तब तक ये लॉगइन रहता है उसके भविष्य के लिये 18 साल तक हम इसमें जमा करेंगे। इसके*

*बाद इस स्कीम की सबसे अच्छी चीज यह है कि 18 साल तक हम इसको विड्रो कर सकते है या इसको हम उसकी जरूरत के हिसाब से उसके आगे जो नार्मल हमारा एनपीएस जैसे जितनी भी सरकारी संस्था के लोगों को एनपीएस मिलता है उसमें हम उसको कर्न्वट भी करा सकते है। आज की डेट में जुड़ा हूं तो मुझे अगर तीन साल बाद अगर मुझे अपने बच्चो के हायर एजुकेशन के लिये जरूरत पड़ती है तो 25 प्रतिशत मुझे इसमें से बाद भी मिल जायेगा। 18 साल तक मैं तीन बार ऐसा कर सकता हूं।*

सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजना के बारे में जानकारी दी गई। एनपीएस वात्सल्य योजना माता–पिता को पेंशन खाते में निवेश करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने के साथ दीर्घकालिक धन सुनिश्चित करने की अनुमति देगी। एनपीएस वात्सल्य योजना में माता–पिता बच्चे के नाम पर सालाना 1,000 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं। यह नई पहल बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शुरू की गई है, जो भारत की पेंशन प्रणाली में एक महत्वपूर्ण कदम है।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजियाबाद में सात सौ सत्तावन करोड़ रुपये की एक सौ ग्यारह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दस हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति–पत्र, छह हजार युवाओं को टैबलेट, स्मार्टफोन और 632 लाभार्थियों को 357 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का युवा आज डिजिटल माध्यम से दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कर रहा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान 10 जिलों में रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है, ताकि युवाओं के सपनों को पंख लग सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद आज स्मार्ट सिटी बन चुका है। सरकार द्वारा जल्द ही गाजियाबाद में एम्स दिल्ली का एक सेटेलाइट सेंटर बनाने की तैयारी भी की जा रही है। बाइट....

*आज गाजियाबाद के अंदर 12 लेन का दिल्ली–गाजियाबाद, मेरठ 12 लेन का हाइवे भी आपके पास है। देश की पहली रेपिड रेल भी आपके पास है, मेट्रो की सेवा भी आपके पास है, एयरपोर्ट की सुविधा भी आपके पास है और अभी तो हम लोग गाजियाबाद में एआईआईएमएस दिल्ली के सेटेलाइट सेंटर की भी तैयारी करने जा रहे हैं। यहां पर गाजियाबाद में एआईआईएमएसकी स्वास्थ्य सुविधाएं इसी गाजियाबाद में प्राप्त होगी, इसके*

*लिये हम लोग अपने प्रस्ताव को आगे बढ़ा चुके हैं। आज गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का पोटेन्शियल बनता जा रहा है।*

---

**पहाड़ों पर हो रही बारिश और बांधों से लगातार नदियों में पानी छोड़े जाने की वजह से प्रदेश के 24 जनपदों में रहने वाले साढ़े पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। गंगा नदी बदायूं, फर्रूखाबाद, गाजीपुर और बलिया, घाघरा नदी बाराबंकी, अयोध्या और तुर्तीपार में खतरे के निशान को पार कर गई है। वहीं गंगा नदी कन्नौज, कानपुर देहात और कानपुर नगर में खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे है। नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण वाराणसी, प्रयागराज में नाव के संचालन पर भी रोक लगा दी गई है। प्रयागराज से हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट....**

*प्रयागराज में पिछले 5 दिनों से गंगा और यमुना नदी के जलस्तर में हुई वृद्धि से प्रयागराज के एक दर्जन से अधिक मोहल्लों में बाढ़ की स्थिति बनी है साथ ही 100 से अधिक गांव इससे प्रभावित है। बाढ़ के मद्देनजर कक्षा 1 से लेकर 8 तक के सभी बोर्ड के स्कूल आज 18 सितंबर को बंद रखा गया है। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा सभी बाढ़ ग्रस्त इलाको में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। इन सभी क्षेत्रों में जल पुलिस और एन डी आर एफ की टीम तैनात की गई है। बाढ़ से प्रभावित लोगो के लिए शहर और ग्रामीण दोनो इलाकों में कुल सात जगहों पर अस्थाई कैंप व शरणालय बनाए गए हैं, जहा पर दो हजार से अधिक लोग शरण लिए हुए है। खतरे के निशान से गंगा और यमुना का जल एक मीटर नीचे है। प्रयागराज में खतरे का निशान 84.7 मीटर है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

———————

बहराइच में भेड़ियों के झुंड का आखिरी भेड़िया कल रात वन विभाग के ड्रोन कैमरे में कैद हुआ। ड्रोन में आई भेड़िये की तस्वीरों के आधार पर वन विभाग की टीमों के साथ ग्रामीणों ने योजना बनाकर उसे पकड़ने के लिए जगह–जगह जाल बिछाया है। बहराइच में अब तक पांच आदमखोर भेड़ियों को पकड़ा जा चुका है। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आखिरी भेड़िया को पकड़ने के प्रयास तेज करते हुए वन कर्मियों को लगाया गया है। जल्द ही इलाके को भेड़िया मुक्त कर दिया जाएगा।

(समाप्त)